संजय कुमार अग्रवाल
अध्यक्ष
Sanjay Kumar Agarwal
Chairman

भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
राजस्व विभाग
केन्द्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क
Government of India
Ministry of Finance
Department of Revenue
Central Board of Indirect Taxes & Customs

24th February, 2025

DO No. 08/News Letter/CH(IC)/2025

Dear Colleague

For those who could not view the celebration of International Customs Day on the live telecast online, I urge you to watch the Hon'ble FM's speech, as it sets the tone for Indian Customs in the times to come. In her address, the Hon'ble Finance Minister recognised the role of Indian customs as the nation's first line of defence in protecting economic security. Her words of appreciation for the relentless efforts of officers—whether in safeguarding national interests, enabling trade facilitation, or setting new benchmarks for ease of doing business—exemplify the high standards we have set. This recognition is a call to sustain and surpass our achievements.

The short film "*Right Turn*", created by Visakhapatnam Zone and released on International Customs Day 2025, beautifully captures the pivotal role of Customs in nation-building. Through a compelling narrative, it highlights the need for continuous transformation in line with Mission Karmayogi. The short film is available on the YouTube handle of Visakhapatnam Customs. Adding to the spirit of service, many officers of Vijayawada Customs (Preventive) embraced the humanitarian ethos of Customs by pledging organ donation on this occasion.

Last week, I visited Prayagraj and took the opportunity to engage with officers managing the GST and Customs pavilion. The pavilion showcased key initiatives through creatives, brochures and tutorial videos highlighting work done by CBIC in trade facilitation, ease of compliance, and taxpayer services. The efforts of DGTS and CGST Allahabad in creating awareness about GST and Customs among visitors are laudable.

United in Service, Bonded by Sports! Under the aegis of the Central Revenue Sports and Cultural Board, the Bengaluru CGST Zone successfully organised the 54th Central Revenue All India Sports Meet at Bengaluru. The event saw the enthusiastic participation of 1156 athletes from CBIC and CBDT competing in 18

sporting disciplines. I would like to congratulate the South Zone (CBIC and CBDT) for winning the overall Champions Trophy. The efforts of all the organisers of the four Zonal and Sub-Zonal Sports Meets also deserve special mention.

Some fine detections were noticed last week. The officers of the Special Intelligence and Investigation Branch (SIIB), Customs House, Mundra, successfully intercepted a consignment suspected of violating intellectual property rights. Acting on intelligence, a long-standing uncleared container from Cambodia was examined at Mundra port, revealing 80,00,000 sticks of "Gold Flake Honey Dew" cigarettes, suspected to be counterfeit. The offending goods, valued at Rs. 13.6 crore, were, prima facie, found in contravention of the Intellectual Property Rights (Imported Goods) Enforcement Rules, 2007. Appreciation to the team!

In a major crackdown on tax evasion, the Jaipur Zonal Unit of DGGI unearthed a large-scale racket involving the clandestine supply of iron and steel goods, including scrap, ingots, billets, and TMT bars. Investigations revealed that some suppliers and manufacturers were fraudulently clearing goods using invoices of non-existent firms, allowing them to evade detection during transit. Searches conducted across 15 locations in Rajasthan led to the seizure of incriminating evidence, exposing the unaccounted supply of approximately 13 lakh tonnes of iron goods valued at around Rs. 4,000 crore, with an estimated GST evasion of Rs. 700 crore. So far, seven individuals have been arrested in connection with the case. Excellent detection!

Until next week!

Yours sincerely,

(Sanjay Kumar Agarwal)

All Officers and Staff of the Central Board of Indirect Taxes & Customs.

संजय कुमार अग्रवाल
अध्यक्ष
Sanjay Kumar Agarwal
Chairman

भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
राजस्व विभाग
केन्द्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क
Government of India
Ministry of Finance
Department of Revenue
Central Board of Indirect Taxes & Customs

24 फरवरी, 2025

DO No. 08/News Letter/CH(IC)/2025

प्रिय सहकर्मी ,

जो लोग लाइव टेलीकास्ट पर अंतर्राष्ट्रीय कस्टम्स दिवस के उत्सव को नहीं देख पाए, मैं उनसे निवेदन करता हूँ कि वे माननीय वित्त मंत्री का भाषण देखें, क्योंकि यह आने वाले समय में भारतीय कस्टम्स के लिए दिशा तय करता है। इस दिवस पर अपने संबोधन में माननीय वित्त मंत्री ने भारतीय कस्टम्स की भूमिका को राष्ट्र की आर्थिक सुरक्षा की रक्षा में पहले मोर्चे के रूप में मान्यता दी। उन्होंने अधिकारियों की निरंतर प्रयासों की सराहना की—चाहे वह राष्ट्रीय हितों की रक्षा हो, व्यापार सुविधा प्रदान करना हो, या व्यापार में सरलता के नए मानक स्थापित करना हो—जो हमारे द्वारा स्थापित किए उच्च मानकों को प्रदर्शित करते हैं। यह पहचान हमारी उपलब्धियों को बनाए रखने और उनसे आगे निकलने का आह्वान है।

"राइट टर्न" नामक लघु फिल्म, जो विशाखापत्तनम जोन द्वारा बनाई गई और अंतर्राष्ट्रीय कस्टम्स दिवस 2025 पर रिलीज़ की गई, राष्ट्र निर्माण में कस्टम्स की महत्वपूर्ण भूमिका को खूबसूरती से दर्शाती है। यह फिल्म एक प्रभावशाली कहानी के माध्यम से मिशन कर्मयोगी के अनुरूप निरंतर परिवर्तन की आवश्यकता को उजागर करती है। यह लघु फिल्म विशाखापत्तनम कस्टम्स के यूट्यूब हैंडल पर उपलब्ध है। सेवा की भावना को बढ़ाते हुए, विजयवाड़ा कस्टम्स (प्रिवेंटिव) के कई अधिकारियों ने इस अवसर पर अंग दान की शपथ लेकर कस्टम्स के मानवतावादी आदर्शों को भी अपनाया।

पिछले सप्ताह, मैंने प्रयागराज का दौरा किया और जीएसटी और कस्टम्स पवेलियन का प्रबंधन कर रहे अधिकारियों से मुलाकात की। पवेलियन में सीबीआईसी द्वारा व्यापार सुविधा, अनुपालन में सुगमता और करदाता सेवाओं के क्षेत्र में किए गए प्रमुख कार्यों को प्रदर्शित करने वाले क्रिएटिव्स, ब्रोशर और ट्यूटोरियल वीडियो दिखाए गए। जीएसटी और कस्टम्स के बारे में आगंतुकों में जागरूकता फैलाने के लिए डीजीटीएस और सीजीएसटी इलाहाबाद के प्रयास सराहनीय हैं।

सेवा में एकजुट, खेलों से जुड़े ! सेंट्रल रेवेनुए स्पोर्ट्स एंड कल्चरल बोर्ड के तत्वावधान में, बेंगलुरु सीजीएसटी जोन ने 54वीं केंद्रीय राजस्व ऑल इंडिया स्पोर्ट्स मीट का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस आयोजन में सीबीआईसी और सीबीडीटी के 1156 एथलीटों ने 18 खेलों में भाग लिया। मैं दक्षिण जोन (सीबीआईसी और सीबीडीटी) को चैंपियंस ट्रॉफी जीतने पर बधाई देता हूँ। चार जोनल और सब-जोनल स्पोर्ट्स मीट के सभी आयोजकों के प्रयास भी विशेष उल्लेख के पात्र हैं।

पिछले सप्ताह कुछ महत्वपूर्ण डिटेक्शन हुए। स्पेशल इंटेलिजेंस एंड इन्वेस्टीगेशन ब्रांच (SIIB), कस्टम्स हाउस, मुंद्रा के अधिकारियों ने इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी अधिकारों का उल्लंघन करने के संदेह में एक कन्साइनमेंट को सफलतापूर्वक जब्त किया। खुफिया जानकारी के आधार पर, कंबोडिया से आया एक लंबित कंटेनर मुंद्रा पोर्ट पर जांचा गया, जिसमें "गोल्ड फ्लेक हनी ड्यू" सिगरेट की 80,00,000 स्टिक्स पाई गईं, जो संदिग्ध रूप से नकली थीं। उक्त सामान, जिसका मूल्य 13.6 करोड़ रुपये था, को प्रांरभिक रूप से इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी अधिकार (इम्पोर्टेड गुड्स) प्रवर्तन नियम, 2007 का उल्लंघन करते हुए पाया गया। टीम की सराहना!

कर चोरी पर बड़े पैमाने पर कार्रवाई करते हुए, डीजीजीआई की जयपुर जोनल यूनिट ने एक बड़े रैकेट का पर्दाफाश किया है, जो आयरन और स्टील के सामान सहित स्क्रैप, इन्गोट्स, बिलेट्स और टीएमटी बार की अवैध सप्लाई में शामिल थे। जांच में यह पता चला कि कुछ निर्माता गैर-मौजूद कंपनियों के इनवॉइस का उपयोग करके सामान को धोखाधड़ी से सप्लाई कर रहे थे, जिससे वे ट्रांजिट के दौरान पहचान से बच जाते थे। राजस्थान के 15 स्थानों पर की गई छापेमारी में पुख्ता सबूत मिले, जिससे लगभग 13 लाख टन लोहे के सामान की अवैध सप्लाई का खुलासा हुआ, जिसका मूल्य लगभग 4,000 करोड़ रुपये था, और अनुमानित जीएसटी चोरी 700 करोड़ रुपये थी। अब तक इस मामले में सात व्यक्तियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। उत्कृष्ट कार्य!

अगले सप्ताह तक !

भवदीय,

संजय कुमार

(संजय कुमार अग्रवाल)

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड के सभी अधिकारी और कर्मचारीगण।